# ब्राजीलः पीएम मोदी और शी चिनफिंग की मुलाकात

**ब्रिक्स सम्मेलन**

## प्रधानमंत्री मोदी 11वें ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने ब्राजील पहुंचे हैं

- आरसीईपी और सीमा पर शांति के लिए हुई बात
- दोनों देशों ने आपसी संबंधों को मजबूत करने और व्यापार को लेकर चर्चा की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ब्रासिलिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ मुलाकात की और उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तौर –तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच इससे पहले बीते अक्टूबर में भारत में अनौपचारिक बैठक हुई थी।।

मोदी 11वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए यहां पहुंचे हैं। मोदी ने इस शिखर सम्मेलन के इतर शी के साथ यह मुलाकात की। यह शिखर सम्मेलन आतंकवाद निरोधक सहयोग के लिए तंत्र बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा और दुनिया की पांच प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करेगा।



ब्रिक्स विश्व की पांच उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। मोदी और शी ने विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच 11–12 अक्टूबर को चेन्नई के समीप मामल्लापुरम में दूसरा अनौपचारिक शिखर सम्मेलन हुआ था।

उस दौरान दोनों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की थी और आतंकवाद, कट्टरपंथ से संयुक्त रूप से लड़ने, द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश को बढ़ाने का निश्चय प्रकट किया था। ब्रासीलिया में दोनों नेताओं के बीच यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब महज कुछ दिन पहले ही भारत ने चीन समर्थित क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) से नहीं जुड़ने का फैसला किया।

प्रधानमंत्री मोदी और शी के बीच सीमाओं पर शांति बनाए रखने को लेकर भी चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि वार्ता करके सीमा पर किसी भी तरह के तनाव को खत्म करेंगे और शांति बहाल करने की दिशा में बातचीत आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने डब्ल्यूटीओ, ब्रिक्स और आरसीईपी के मामले में भी विचार साझा किए।

---

## न्यूज डायरी



### जाधव केसः पाक सेना ने कहा, नहीं कर रहे अपने कानून में बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तानी मीडिया में बुधवार को प्रकाशित एक खबर भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी कुलभूषण जाधव के लिए उम्मीद भरी लग रही थी लेकिन शाम होते–होते उस खबर का पाक सेना द्वारा खंडन कर दिया गया। दरअसल, ऐसी खबरें चल रही थीं कि जाधव को सिविल कोर्ट में अपील का मौका मिल सकता है और इसके लिए सैन्य कानूनों में जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं। लेकिन, सेना ने इसका खंडन कर दिया है और कहा कि उसकी ऐसी कोई योजना नहीं है। इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल आसिफ गफूर ने कहा कि जाधव को लेकर आईसीजे के फैसले को लागू करने के लिए पाक आर्मी ऐक्ट में संशोधन की खबर गलत है। उन्होंने कहा, समीक्षा के लिए कई कानूनी विकल्पों पर विचार किया जा रहा है।

### सिरक्यू डू सोलेल के संस्थापक पर निजी द्वीप पर भांग की खेती का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पापीते। एक्रोबेटिक समूह सिरक्यू डू सोलेल के अरबपति संस्थापक गाइ लालीबेरते पर फ्रेंच पोलीनेशिया में बुधवार को कथित तौर पर अपने निजी द्वीप में भांग उगाने का आरोप लगाया गया है। उनके वकील ने यह जानकारी दी। कनाडाई उद्यमी को औपचारिक रूप से मादक द्रव्य रखने और उसकी खेती करने के मामले में आरोपित किये जाने के बाद रिहा कर दिया गया। लालीबेरते को नुकुतेपीपी द्वीप पर एक कंटेनर में भांग उगाने के संदेह में मंगलवार को हिरासत में लिया गया था। यह द्वीप फ्रेंच पॉलीनेशिया में तुआमोटू द्वीपसमूह का हिस्सा है। फ्रांसीसी कानून के तहत दोषी पाए जाने पर उन्हें 10 साल कैद की सजा हो सकती है। हालांकि प्रचलन के मुताबिक छोटी मात्रा में पाए जाने पर भांग उगाने वाले को जेल नहीं भेजा जाता जब तक कि वह बार–बार ऐसा न कर रहा हो।

### अफ्रीका के साहिल में आतंकवाद पैर जमा रहा हैः संयुक्त राष्ट्र महासचिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि अफ्रीका के साहिल में आतंकवाद अपनी जड़ें जमा रहा है जिसके परिणामस्वरुप क्षेत्र में हिंसा बढ़ गयी है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को पेश की गई रिपोर्ट में गुतारेस ने कहा कि अफ्रीका में आतंकवाद अपने पांव फैला रहा है और इससे विशेष रुप से बुर्कीना फासो और माली में जातीय हिंसा तनाव बढ़ रहा है और क्षेत्र अस्थिर हो रहा है। गुतारेस ने कहा कि बुर्कीना फासो, माली, नाइजर, चाड, मॉरिटानिया और अफ्रीकी महाद्वीप के अन्य क्षेत्रों द्वारा स्थापित जी5 साहिल बल को साहिल में आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, "आतंकवाद एक अंतराष्ट्रीय मुद्दा है और साहिल में बढ़ रहे आतंकवाद, मानव तस्करी, असलहा तस्करी, सीमा–पार की समस्याओं से निपटने में सभी अंतर्राष्ट्रीय समुदायों को अपना योगदान देना होगा।"

### पाकिस्तान में बंदूकधारियों ने पुलिस वाहन पर किया हमला, एक की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेशावर। उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों ने बृहस्पतिवार को पुलिस के एक वाहन पर हमला कर दिया जिसमें एक वरिष्ठ आतंकवाद रोधी अधिकारी की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। यह घटना पेशावर जिले के मियां गुर्जर गांव में हुई। पेशावर के एसएसपी जहूर अफरीदी ने संवाददाताओं को बताया कि हमले में आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) की मौत हो गयी तथा तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस का एक दल घटनास्थल पर पहुंचा और उसने संदिग्धों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू कर दिया। हालांकि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गयी है।

---

## इजरायली हवाई हमले में गाजा में एक परिवार के 6 सदस्यों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गाजा सिटी। दक्षिण गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमले में एक ही परिवार के 6 सदस्य मारे गए। तटीय फलस्तीनी एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इजरायल के सैन्य आंकड़ों के मुताबिक इस्लामिक जिहाद आतंकी ठिकानों पर इजराइल के हमलों में मंगलवार से अब तक 32 लोग मारे जा चुके हैं वहीं इजराइल पर 350 रॉकेट दागे गए हैं।

**कमांडर के मारे जाने के बाद 200 से ज्यादा हमले**

बता दें कि पिछले दिनों इजरायल की एयरस्ट्राइक में गाजा में इस्लामिक जिहाद कमांडर के मारे जाने के बाद इजरायल पर 200 से ज्यादा मिसाइलों से हमला हुआ है। पिछले कुछ महीने में गाजा पट्टी पर ऐसी घटनाएं बढ़ी हैं। मंगलवार को इजरायल की एयरस्ट्राइक में उत्तरी गाजा में बहा अबू अल अता मारा गया था। इजरायल के रक्षा विभाग के मुताबिक आतंकी अता कई बड़े हमलों की योजना बना रहा था।

**अता की मौत का जवाब देने की इस्लामिक जिहाद**

फलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि जब हमला हुआ तब गाजा सिटी के शेजैया जिले में अता और उनकी पत्नी अपने घर की तीसरी मंजिल पर सो रहे थे। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि अता के चार बच्चे और एक पड़ोसी भी हमलों में घायल हुआ है।

---



**रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मिले पीएम मोदी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रासिलिया। ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए ब्राजील पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने यहां रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। ब्रासिलिया में ब्रिक्स सम्मेलन की शुरुआत से पहले हुई मुलाकात में पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की। व्लादिमीर पुतिन के अलावा पीएम यहां ब्राजील के राष्ट्रपति बोल्सोनारो से भी मुलाकात की और उन्हें गणतंत्र दिवस पर भारत आने का न्योता दिया। इसके अलावा पीएम यहां चीन के प्रेजिडेंट शी चिनफिंग से भी द्विपक्षीय मुद्दों पर संवाद किया।

---

## बलोचियों का भारत से पाक के अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने का अनुरोध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। बलोच नैशनल मूवमेंट (बीएनएम) की ब्रिटेन इकाई और उससे जुड़े संगठनों ने भारत सरकार से पाकिस्तान के अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई। संगठन ने बलूचिस्तान की आजादी के आंदोलन को सहयोग देने का आह्वान किया। लंदन में बुधवार को बलूच शहीद दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम में बीएनएम के सदस्यों और वर्ल्ड सिंधी कांग्रेस और बलूच स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन आजाद जैसे समूहों ने बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

**बलूचिस्तान में मानवाधिकार**



**उल्लंघन पर जताया विरोध**

कार्यकर्ताओं ने ब्रिटेन सरकार को संसाधन समृद्ध बलूचिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघनों पर उसकी चुप्पी पर पाखंडी बताया।

बलूच नैशनल मूवमेंट के विदेशी मामलों के प्रवक्ता हम्माल हैदर ने कहा, 'पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने पिछले 2 दशकों में 20,000 से अधिक बलूच लोगों को अगवा किया और कई की हत्या कर दी। भारत सरकार को हमारा संदेश यह है कि उसे पाकिस्तान के सुरक्षा बलों के अत्याचारों के खिलाफ अपनी आवाज उठानी चाहिए।'

**बांग्लादेश की आजादी जैसी मदद की मांगः** हम्माल हैदर ने बांग्लादेश की आजादी में भारत के योगदान को याद करते हुए बलूचिस्तान के लिए भी वही मांग दोहराई, उन्होंने कहा, 'भारत ने बांग्लादेश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी और अब उसे आगे आना चाहिए तथा पाकिस्तान से आजादी हासिल करने के हमारे आंदोलन को समर्थन देना चाहिए। पाकिस्तान इस्लामी आतंकवादियों को पाल रहा है और पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर रहा है।'

---

## मौलाना फजलुर्रहमान ने व्यापक प्रदर्शन का किया ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के तेज–तर्रार मौलाना और राजनीतिक नेता फजलुर्रहमान ने इस्लामाबाद में करीब 2 सप्ताह चला सरकार विरोधी प्रदर्शन बुधवार को खत्म कर दिया। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इमरान खान पर इस्तीफे का दबाव बढ़ाने के लिये अब पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा। जमीयत उलेमा–ए–इस्लाम (जेयूआई–एफ) के प्रमुख रहमान ने यहां आजादी मार्च को संबोधित करते हुए अपने समर्थकों से कहा कि अब प्रदर्शन की दूसरी योजना पर काम करने का समय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को इस्तीफा देने के लिये मजबूर करने और नए चुनाव कराने के लिए प्रमुख राजमार्गों और सड़कों को अवरुद्ध कर प्रदर्शन किया जाएगा। आजादी मार्च की दूसरी योजना के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि गुरुवार को दोपहर 2 बजे तक न केवल देश के प्रमुख राजमार्गों बल्कि सड़कों और गलियों में भी प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार काफी कमजोर हो चुकी है और उसे उखाड़ने के लिए हल्का सा धक्का देने की जरूरत है।